तापमान

अधिकतम 39.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

13 10 महिलाओं को मिला उत्कृष्ट सम्मान



14 गांड़ा समाज नगर इकाई के अध्यक्ष बने थनवार



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में ट्रक की टक्कर से दो लोगों की मौत के मामले में आरोपी चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचसी 7256 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए प्रार्थी युवराज ठाकुर पिता उमेंद्र कुमार (32) निवासी वार्ड 12 पिथौरा के जीजा अनिरूद्ध ध्रुव (40) निवासी जंघोरा को ठोकर मार दिया। हादसे में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में एक अज्ञात ट्रक ने ग्राम टेका में प्रार्थी छोटूराम यादव पिता कोदा यादव (47) निवासी टेका के भतीजे लक्ष्मीलाल यादव (37) को ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिसकी गंभीर चोट आने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 47.50 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** शहर के कौशिक कॉलोनी निवासी युवक के साथ ढाई महीने के भीतर 47 लाख रुपए से अधिक रकम की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में पुलिस आरोपी मोबाइल धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 3 जनवरी 2024 से 14 मार्च 2024 के बीच उसके साथ मोबाइल नंबर 8401524461, 7751904012, 9475375813 के धारकों द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 4750000 रुपए का आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने उक्त मोबाइल धारकों के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# पुलिस की तैनाती के बीच युवकों ने रात में लहराए धारदार हथियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

■ गुड़रु पारा क्षेत्र में कुछ युवक रात्रि में खुलेआम गंडासा लहराते नजर आ रहे हैं

जिला मुख्यालय में होली पर्व के दौरान पुलिस की सख्त तैनाती रही। इन सबके बीच एक वायरल वीडियो में शहर के गुड़रु पारा क्षेत्र में कुछ युवक रात्रि में खुलेआम गंडासा लहराते नजर आ रहे हैं।




वीडियो में कुछ युवक फरसा लहराते दिख रहे हैं।

सीसीटीवी कैमरे से मिली यह वीडियो 27 मार्च देर रात करीब डेढ़ से 2 बजे के बीच के होने की जानकारी मिली है। वीडियो में करीब 6 युवक नजर आ रहे है जिसमें से कुछ अन्य युवकों के पास भी धारदार हथियार नजर आ रहे हैं।

### दो गुटों के बीच मारपीट, लोहे की राड से हमला

नगर के नयापारा इलाके में मारपीट होने का मामला सामने आया है। प्रार्थी मोहम्मद इलियास पिता मोहम्मद इशाक (43) वार्ड नं .07 नुरानी चौक नयापारा महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि आरोपी करण, चंदन, हिमांशु, अर्जुन निवासी नयापारा ने विजय कबाड़ी दुकान के पास नयापारा में उसके लड़के मोहम्मद फैजान के साथ गाली गलौज करते हुए लोहे के धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं प्रार्थी चंदन चंद्राकर पिता रामनारायण चंद्राकर (26) वार्ड नं. 19 पुरानी मछली बाजार के पास आरोपी अल्लू मुसलमान एवं दो अन्य लोगों पर उसे व दोस्तों के साथ गाली गलौज करते हुए लोहे के राड से मारपीट कर चोट पहुंचाने की शिकायत की है। इन मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चाकूबाजी की घटना में एक घायल

चाकू मारकर युवक को घायल करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली महासमुंद में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया है कि प्रार्थिया दामिनी धीवर पति दिलेश्वर धीवर (30) निवासी राममंदिर के पीछे कुर्मी पारा ने रिपोर्ट लिखाई है कि आरोपी राजू यादव, सद्दाम एवं एक अन्य व्यक्ति ने एकराय होकर सगे भाई गोपी धीवर व दिनेश धीवर के साथ गाली गलौज कर जान से माने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं ईट से मारपीट किया एवं गोपी धीवर को पेट में चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले मे आरोपियों पर धारा 294, 307, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## लोकसभा चुनाव : 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा

# पहले दिन सात लोगों के साथ प्रपत्र खरीदी का खुला खाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी होने के साथ पहले दिन 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। नामांकन प्रपत्र लेने वालों में 3 अलग-अलग दलों से थे वहीं 4 निर्दलीयों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। इसमें 1 महिला और 6 पुरुषों को प्रपत्र जारी किए गए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संसदीय क्षेत्र महासमुंद क्रमांक-09 में 26 अप्रैल को मतदान तथा 4 जून को मतगणना होगी।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार गुरुवार को 28 मार्च को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने व दाखिल करने का कार्य भी प्रारंभ हो गया। नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को जमा किया जा सकता हैं। अंतिम तिथि के बाद प्रपत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को तथा नाम वापसी की तिथि 8 अप्रैल है। 8 अप्रैल को शेष अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित होंगे।

### इन्होंने खरीदा नामांकन

नामांकन प्रपत्र लेने वालों में राइट टू रिकॉल पार्टी से मरार कसहीबाहरा निवासी चंपालाल पटेल, गरियाबंद से बतौर निर्दलीय प्रोफेसर सुरेश साहू, डूमरपाली से बतौर निर्दलीय धनसिंग कोसरिया, कन्हारपुरी से बतौर निर्दलीय ईश्वर मारकण्डे, भारतीय जनता पार्टी से सरायपाली निवासी श्रीमती रुपकुमारी चौधरी, शक्ति सेना(भारत देश) पार्टी से पठारीडीह निवासी नारद प्रसाद निषाद, एवं पचेड़ा निवासी संतोष कुमार बंजारे ने बतौर निर्दलीय नामांकन प्रपत्र के लिए निर्धारित राशि जमाकर नामांकन प्रपत्र लिया।

### विशेष समय में होगा मतदान

महासमुंद-09 में विधानसभा क्षेत्र 39-सरायपाली (अजा), 40-बसना, 41-खल्लारी, 42-महासमुंद एवं विधानसभा क्षेत्र 54-राजिम, 57-कुरूद, 58-धमतरी में मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से शाम 06 बजे तक होगा। विधानसभा क्षेत्र 55 बिंद्रानवागढ़ (अजजा) के 09 मतदान केंद्र 75-कमारभौदी, 77-आमामोरा, 78-ओढ़, 90-बडे गोबरा, 114-गवरगांव, 118-गरीबा, 120-नागेश, 121-सहाबीनकछार एवं 122-कोदोमाली में प्रातः 07 बजे से अपराह्न 03 बजे तक मतदान होगा तथा शेष मतदान केंद्रों के लिए मतदान का समय प्रातः07 बजे से शाम 06 बजे तक रहेगा।

### केंद्रों की सूची का प्रकाशन

निर्वाचन संचालन के नियम 1961 के नियम-3 सहपठित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 31 के अधीन लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन प्ररूप 1 एवं उपाबंध में मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन 28 मार्च को 11 बजे लोकसभा क्षेत्र 09 महासमुंद अंतर्गत रिटर्निंग ऑफिसर महासमुंद कार्यालय, कलेक्टर गरियाबंद/धमतरी, समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/तहसील कार्यालय, नगरीय निकाय, जनपद एवं लोकसभा क्षेत्र-09 महासमुंद के सभी ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर चस्पा कर प्रकाशन किया गया है।

# अज्ञात कारणों से विभिन्न थानों में दो आत्महत्या के मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

समीपस्थ ग्राम उमरिया के एक तालाब के पेड़ पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चला है। उमरिया के ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार कुछ ग्रामीण जब सुबह तालाब की ओर गए तो उन्होंने मेड़ पर एक बरगद के पेड़ में युवक की लाश झूलते पाया गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक उक्त शव राजेश भोई नामक युवक का है, जिसने गले में पकड़ने वाले गमछा के दो भाग करके उससे फंदा बनाकर फांसी लगा ली। ग्रामीण जब तालाब पहुंचे तो उन्हें इस घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुँच गई और फिलहाल सभी परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस के द्वारा मामले की जाँच की जा रही है।

### बुजुर्ग ने जंगल में लगाई फांसी

बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौंकी क्षेत्र के ग्राम पुरूषोत्तमपुर निवासी बुजुर्ग ने जंगल में फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया की 14 फरवरी से 27 मार्च के मध्य पंडुराम बरिहा पिता कदन्सु बरिहा (73) ने चरोदा दमका जंगल में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। इस घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना अंतर्गत देशी प्लेन शराब की बिक्री कर रहे आरोपी पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी सुमीत अग्रवाल पिता महेंद्र अग्रवाल (25) निवासी बस्तीपारा के कब्जे से 6840 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 3360 रुपए को जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### खरीदी में गड़बड़ी आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति में धान खरीदी में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। प्रार्थी राजेश कुमार पिता रूद्र कुमार सिदार (42) सहकारी समिति मर्यादित पिरदा ने पल्लवी मेश्राम साकिन उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बेमेतरा एवं अन्य 6 लोगों पर आरोप लगाया है कि इन्होंने एकराय होकर धान खरीदी में भारी गड़बडी करते हुए 17210.72 क्विंटल धान व उसकी राशि का गबन किया है। धारा 420, 409, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सामान्य, व्यय एवं पुलिस प्रेक्षक के सहयोग के लिए कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें सामान्य प्रेक्षक के सहयोग के लिए डिगेश्वर वर्मा स्टेनो टाईपिस्ट स्वास्थ्य विभाग महासमुंद, प्रेमप्रकाश पांडेय सहायक ग्रेड-03 सिविल सर्जन सह अस्पताल महासमुंद, तोषेंद्र चंद्राकर डाटा एंट्री ऑपरेटर अ.वि.अ. कोडार नहर महासमुंद, राजेंद्र कुमार देवांगन भृत्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महासमुंद की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार व्यय प्रेक्षक-01 के सहयोग के लिए योगेश कुमार साहू डाटा एनालिस्ट महिला एवं बाल विकास, राजू वर्मा डाटा सहायक जिला योजना एवं सांख्यिकी, प्रशांत साहू डाटा एंट्री ऑपरेटर स्वास्थ्य विभाग, रामचंद्र यादव भृत्य शिक्षा विभाग को दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह व्यय प्रेक्षक-02 के सहयोग के लिए लोकेश कुमार पटेल सहायक ग्रेड-02 सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, शिवराज शर्मा डाटा एंट्री ऑपरेटर जिला क्षय केंद्र, रूपेश कुमार ध्रुव पीएडीए खण्ड चिकित्सा, हरीश चंद्र साहू भृत्य शिक्षा विभाग तथा पुलिस प्रेक्षक के सहयोग के लिए राजेंद्र कुमार चंद्राकर सहायक ग्रेड-02 सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक महासमुंद, सेवक राम सोनकर कोडिंग क्लर्क संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक महासमुंद, नीलकमल साहू डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं महेश कुमार चंद्राकर भृत्य स्वामी आत्मानंद विद्यालय महासमुंद की ड्यूटी लगाई गई है। सभी कर्मचारी सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे।

### नाम निर्देशन के संबंध में राजनैतिक दलों का प्रशिक्षण

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों का प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम पांच व्यक्ति तथा संवीक्षा के समय चार व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि नामांकन दाखिल करने आने पर कलेक्टर कार्यालय से 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहन आ सकते हैं। जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि अभ्यर्थी को नामांकन पत्र के साथ प्रारूप 26 में एक शपथ पत्र देना होगा जिसमें उसके पति या पत्नी, आश्रितों आदि के बैंक खातों की जानकारी देनी होगी। अभ्यर्थी को कृषि भूमि, व्यवसायिक भवन, नकद राशि, जेवरात, वाहन आदि समस्त चल और अचल संपत्तियों तथा दायित्वों की जानकारी शपथ पत्र में देनी होगी। इस शपथपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर अभ्यर्थी का हस्ताक्षर तथा पब्लिक नोटरी या सक्षम मजिस्ट्रेट का मुहर होना चाहिए। शपथ पत्र के सभी कॉलम भरे हुए होने चाहिए। यह शपथ पत्र नामांकन दाखिल के अंतिम दिवस अपराह्न 3 बजे तक अनिवार्य रूप जमा हो जाना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दाऊलाल चंद्राकर, भारतीय जनता पार्टी के येतराम साहू सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जीएसटी विभाग ने गुटखा से लोड गाड़ी जब्त किया, 3 लाख 42 हजार का माल सीज

**महासमुंद।** राज्य कर विभाग की टीम ने जिले में हो रहे जीएसटी चोरी के मामले का भांडा फोड़ करते हुए एक आटो में भरकर ले जा रहे राजश्री पान मसाला के जखीरे को जब्त किया है। इस कार्रवाई में अधिकारियों ने 3 लाख 42 हजार का माल सीज किया है। विभाग के दिये जानकारी के अनुसार यह पान मसाला राधा रानी जनरल स्टोर पिथौरा के संचालक का बताया जा रहा है। परिवहन संबंधी वैधानिक दस्तावेज नहीं होने पर जीएसटी की टीम ने माल जब्त कर गाडी को थाने में रखवा दिया गया है। जीएसटी विभाग के अधिकारी ने पान मसाले के दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि पूरा माल महासमुंद निवासी का है। साथ ही जब्त पान मसाले को हवाले के तौर पर ले जाया जा रहा था। पकड़े गए पान मसाले की बिल्टी थी। पुलिस के चेकिंग के दौरान वाहन चालक ने लोडिंग को भगाकर ले जाने का प्रयास किया पर बाद में उसे पकड़ लिया गया है।



# 12 को नकुल देव की जयंती समारोह में शामिल होंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 अप्रैल 2024 को महासमुंद जिला के नगर पंचायत तुमगांव में छग सतनामी समाज मुक्ति केंद्र द्वारा आयोजित दादा नकुल देव ढ़ीढ़ी जयंती समारोह शरीक होंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर सतनामी समाज की बैठक हुई। जिसमें सभी पदाधिकारियों द्वारा जिला के सतनामी समाज के लोगों से आह्वान किया कि सामाजिक कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सफल बनाए। बैठक में प्रदेश संरक्षक त्रिभुवन महिलांग ( पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष), प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र ढीढी, कार्यकारी अध्यक्ष एडवाकेट संतोष मारकंडे,



उपाध्यक्ष पुरानिक निराला, उपदेश मारकंडे, किशोर सोनवानी, प्रदेश सचिव अनिल ढीढी, भवन ढीढी, मन्नाडे, प्रकाश टंडन, प्रदेश महामंत्री देवकुमार टंडन, केडी टंडन, अरविंद प्रहरे, गिरधार आवडे, किशुन पाटले, जिलाध्यक्ष सत्यानंद जेंद्रे, उपाध्यक्ष हीरालाल जोगी, सीएल टंडन ( बसना), कोसारिया गुरु ( सेवाती), महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नीतूरानी बांधे, उपाध्यक्ष शकुंतला व्यवहार, शाखा झलप अध्यक्ष महेंद्र कोसरिया, उपाध्यक्ष नुप नरेंद्र बाघमारे, मयाराम टंडन, कोषाध्यक्ष रामेश्वर भारती, सचिव डुनेश्वर प्रसाद टंडन, चैतू मारकंडे, राजेंद्र जांगड़े, महामंत्री पुरन मारकंडे, नानजी बगमरे, रेवाराम कुर्रे, बिरसिंग बंजारे, अश्वनी टोंड्र, धनेश गायकवाड, किशन कोसरिया, नंदकुमार कुर्रे, आनंद कुर्रे, ओमप्रकाश सोनवानी, आसराम बंजारे, काशी राम बघेल, रूपराम कोसरिया, पवन लहरे, नेमीचंद बारले, रविदेव बारले, विशाल मन्नाडे, आनंद ढीढी, डायमन कोसरे, धनेश्वर लहरे आदि उपस्थित थे।

## सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी आचार संहिता का अनिवार्यतः पालन करें

# स्वीप के माध्यम से मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन 2024 संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी आदर्श आचार संहिता का अनिवार्यतः पालन करें।

उन्होंने कहा कि यदि किसी तरह शासकीय कार्यां में मार्गदर्शन की आवश्यकता हो तो अपने वरिष्ठ अधिकारियों और निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों से मार्गदर्शन लेवें। कार्यालयों में किसी भी तरह के राजनीतिक पोस्टर न हो। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप भली भांति नियमों का अध्ययन कर तैयारी कर लें बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।




कलेक्टर मलिक ने सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी और छाया की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सभी सेक्टर अधिकारियों को हर मतदान केंद्रों में रनिंग वाटर की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों में लू से बचने के लिए आवश्यक सावधानी संबंधी पोस्टर लगाएं। उन्होंने बताया कि इस बार भी महिला बूथ, मिश्रित बूथ व युवा बूथ भी बनाए जाएंगे। कलेक्टर ने रेलवे स्टेशन में भी एसएसटी टीम लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने स्वीप के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित करें। शहर के होर्डिंग्स में भी बैनर, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार और जागरूकता संबंधी अभियान चलाएं। नगर के व्यवसायियों से बैठक कर उनसे भी प्रचार-प्रसार करने के लिए अपील करें। कलेक्टर ने कहा कि आगामी एक माह के लिए कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने प्रशिक्षण संबंधी तैयारियों के संबंध में बताया कि मतदान दलों का प्रशिक्षण विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होगा। जिसमें महासमुंद, बागबाहरा एवं सरायपाली में 31 मार्च और 01 अप्रैल को, बसना में 02 व 03 अप्रैल को, पिथौरा में 01 व 04 अप्रैल को आयोजित होगा। इसके लिए कलेक्टर ने प्रशिक्षण अधिकारी को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### खट्टी के सोनई-रुपई मंदिर में नवरात्र की तैयारी शुरू

**महासमुंद**। ग्राम खट्टी के सोनई-रुपई मंदिर में नवरात्र पर्व की तैयारी शुरु हो गई है। यहां मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए जाएंगे। जय मां सोनई-रुपई मंदिर समिति की ओर बताया गया है कि 9 अप्रैल को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के मौके पर घटनास्थापना, शैलपुत्री बेदी पूजन 11.26 बजे से दोपहर 12.24 बजे तक, पंचमी 13 अप्रैल को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन सुबह 8 बजे, 16 अप्रैल को महागौरी पूजन शाम 4 बजे होगी।

### नगर में रंग चकल्लस कार्यक्रम 30 को

**महासमुंद**। नगर की साहित्य समिति आस्था के संयोजन में रंग पचमी 30 मार्च को हास्य व्यंग्य काव्य गोष्ठी रंग चकल्लस का आयोजन साहित्यकार डॉ. साधना कसार के पंचशील क्लब वार्ड स्थित निवास में किया गया है। यह आयोजन रायपुर की वरिष्ठ कवयित्री आशा मानव के आतिथ्य व साहित्यकार आनन्द तिवारी पौराणिक की सभाध्यक्षता में अपरान्ह 4 बजे प्रांरभ होगा। कार्यक्रम में रचनाकार, इंद्रधनुषी, सतरंगी काव्य फुहारों से श्रोताओं को सराबोर करेंगे। इस अवसर पर समिति से काव्य रसिकों से उपस्थिति का आग्रह किया है। यह जानकारी समिति की विज्ञप्ति में उपाध्यक्ष एसआर बंजारे ने दी है।

### अनिवार्य दस सेवाओं के मतदाताओं को डाक मतपत्र भरने की अंतिम तिथि 02 अप्रैल

महासमुंद। नोडल अधिकारी डाक मतपत्र आशीष कर्मा द्वारा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा देने के संबंध में जिला कार्यालय के स्वान कक्ष में बैठक ली गई। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के आदेशानुसार नोडल अधिकारी डाक मतपत्र आशीष कर्मा ने बताया कि महासमुंद जिले के अंतर्गत कार्यरत अत्यावश्यक सेवा स्वास्थ्य विभाग, विद्युत, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडियाकर्मी, रेल परिवहन, दूरसंचार (बीएसएनएल) दूरदर्शन, आकाशवाणी, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित और भारतीय खाद्य निगम, डाक एवं टेलीग्राम विभाग में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी तथा जो कि मतदान दिवस के दिन अपने कर्तव्य पर उपस्थित रहेंगे और वोटिंग से वंचित हो सकते हैं।

# शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में हुआ अंगना मं शिक्षा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम माह मार्च का आयोजन किया गया। उपस्थित एएमसी सदस्यों, माताओं और पालकों का स्वागत नागेश्वरी सिदार और निलोफर बानो कक्षा 5वी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती के छायाचित्र पर उपस्थित माताओं द्वारा पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।




इसके बाद कक्षा पहली और दूसरी के बच्चे अपने अपने माताओं के साथ कतार में खड़े हो गए। उनके सामने टेबल पर विभिन्न सामग्री जैसे रिंग, चाक कलम, कैची, रबर, धागा, कंचा, कील, कटर,पेंसिल, डस्टर, चम्मच, ताला, चाबी, कापी, किताब, हथौड़ी, शीश पेंसिल, आदि रखे गए थे। प्रत्येक बच्चे को एक एक रिंग दिया गया, कतार में खड़े बच्चों में से एक बच्चे ने रिंग ऊपर फेंका, वह रिंग टेबल पर जिस वस्तु पर गिरा प्रतिभागी बच्चा टेबल पर रखे उस वस्तु का नाम बोलते, उसकी उपयोगिता बताते और उस वस्तु का नाम स्लेट या कापी पर लिखते। इस प्रकार यह गतिविधि सभी बच्चों ने किया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में वाचन कौशल और लेखन कौशल का विकास करना है। इस गतिविधि और कार्यक्रम का संचालन गफ्फार खान प्रधान पाठक ने किया। उपस्थित एएमसी सदस्य सुनीता साहू ने इस गतिविधि को बच्चों के लिए रोचक और मजेदार बताया। जयंती प्रधान ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सुनीता साहू, नीलांद्री प्रधान, लक्ष्मी साहू, जयंती प्रधान, दीपांजलि साहू, राधिका भोई, खेलकुंवर साव, सुबरातन हुसैन, फरीदा बानो, सलमा बानो, संतोषिनी साव, पदमा चौहान, पूजा, प्रिया, ज्योति, एसएमसी अध्यक्ष बीरेंद्र साव, उपसरपंच सुरेशकुमार साव, गोकुल जगत, जब्बार खान, परमानंद कश्यप, राकेश साव, पूर्णचंद भोई आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में दिनेश पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आभार प्रदर्शन गफ्फार खान प्रधान पाठक ने किया।

# विधायक डॉ. संपत से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सेजेस बसना में पदस्थ शिक्षकद्वय योगेश बढ़ई ग्राम मोहगांव एवम आदित्य कुमार शर्मा ग्राम सीतापुर को हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार, साहित्य के विकास शिक्षा जागरुकता, पर्ययवरण संरक्षण समाज सेवा एवम जनकल्याणकारी कार्यों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ वृंदावन धाम मथुरा द्वारा विद्या वाचस्पति ( डॉक्टरेट के समतुल्य ) की मानद उपाधि हिंदी दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया।



मानद उपाधि के साथ डॉ योगेश बढ़ई एवम डॉ आदित्य कुमार शर्मा ने अपने बसना क्षेत्र के विधायक डॉ संपत अग्रवाल से सौजन्य भेंट कर सम्मान की जानकारी दी। विधायक डॉ संपत ने अपने विधान सभा क्षेत्र के दो शिक्षकों को पंडित दीनदयाल हिंदी विद्यापीठ वृंदावन धाम मथुरा द्वारा विद्या वाचस्पति ( डॉक्टरेट के समतुल्य ) दिए जाने के लिए विद्या पीठ की सराहना की। अत्यंत ही व्यस्ततम समय में भी समय प्रदान करने के लिए विधायक डॉ संपत अग्रवाल तथा इस सम्मान तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रेरणा प्रदान करने वाले संस्था के ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही तथा डॉ प्रदीप तिवारी का किया धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कड़ी में डॉ योगेश बढ़ई एवं डॉ आदित्य कुमार शर्मा ने कुलपति पद्मश्री डॉ इंदु भूषण मिश्र देवेन्दु, कुल सचिव एवम पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ का आभार व्यक्त किया।

# पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेहरू युवा केंद्र संगठन छत्तीसगढ़ और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी अर्पित कुमार तिवारी एवं एमटीएस ब्रिजेश सिंह चंदेल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक केदारनाथ दीवान के नेतृत्व में बसना ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायत, गांवों रूपापाली, सलखंड में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगाकर जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण और मिशन लाइफ के उद्देश्यों को लोगो को बताया जा रहा है तथा मिशन लाइफ में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायित्व रहने का सलाह दिया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च प्राथमिक शाला रूपापाली एवं सलखंड में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रूपापाली से बुद्धेश्वर वैष्णव प्रधान पाठक, रेशम लाल नंद, शंकर लाल कर्ष, मेघनाथ नायक एवं सालखंड स्कूल से विजय सिंह सिदार, नंदलाल कर्ष, ललित कुमार साहू अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिसमें यूथ क्लब से खिलेश बरिहा ( वूशु एसोसिएशन महासमुंद सचिव) शंकर दीवान, कुमारदास का सहयोग सराहनीय रहा।

### मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज का भी अनुमति दिए गए है। बशर्ते उसका नाम मतदाता सूची में होना चाहिए, ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड शामिल है।

### युवाओं को दिया जा रहा सैन्य प्रशिक्षण...





**महासमुंद**। पूर्व सैनिक संगठन द्वारा युवाओं को नि:शुल्क सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद के सदस्यों द्वारा फारेस्ट ग्राउंड में सैन्य प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जा रहा है। जिसमें महासमुंद और आसपास के बच्चों को प्रशिक्षण सुबह 6 बजे से 07:30 तक दिया जाता है। यह जानकारी के लिए पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने दी है।

# पेंशन पाने भटक रहे हैं वनांचल के विधवा, वृद्ध, निराश्रित और विकलांग हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोदवागोड़ान

सरकार द्वारा किए जा रहे तमाम दावों के बावजूद शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत वास्तव में विपरीत होती है। उदाहरण के तौर पर समाज के दिब्यांगों, वृद्धजनों और निराश्रित तथा विधवा महिलाओं को राहत के तौर पर मिलने वाली मासिक पेंशन विगत पाँच महीनों से नहीं मिल रही है जिससे इन वर्गों के हितग्राहियों के सामने जीवन यापन में काफी कठिनाई हो रही है। पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत आने वाले कोदवागोडान के अनेक हितग्राहियों ने बताया कि उनके खाते में अक्टूबर 2023 तक की राशि दिसंबर जनवरी में प्राप्त हुई है। वहीं माह नवंबर से लेकर अभी तक पेंशन की राशि अप्राप्त है। जब इस सम्बन्ध में ग्राम पंचायत एवं पंडरिया जनपद पंचायत से जानकारी ली गई तो बताया गया कि यहां से प्रतिमाह पात्र हितग्राहियों की सूची शासन के पास भेज दी जाती है



जबकि हितग्राहियों के खातों में राशि जारी करना शासन स्तर पर किया जाता है। बताया गया कि शासन स्तर से जारी होने वाली मुख्यमंत्री पेंशन योजना की राशि माह अक्टूबर के पश्चात जारी नहीं हुई जिसके संबंध में जिला स्तर पर कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।

**पेंशन के लफड़े में महतारी बंदन** : गत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एक बयान में बताया कि महतारी वन्दन की राशि हर महीने की 7 तारीख तक महिलाओं के खाते में भेज दी जाएगी। यहां गौरतलब बात यह है कि जिन वृद्ध, निराश्रित अथवा विधवा महिलाओं को पहले से पेंशन के तौर पर 500 रूपए मिल रहा है उन्हें महतारी बंदन के तहत 500 रूपए मिलाकर ही कुल एक हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाना है। अब, चूंकि पूर्व से पेंशन पाने वाली महिलाओं को विगत 5 माह से पेंशन नहीं मिल रहा है इसीलिए ऐसी सभी हितग्राही महिलाओं के खातों में महतारी वंदन के प्रथम क़स्ति के रूप में सिर्फ पांच सौ रुपए ही आए।

# कवर्धा नगर के विद्युत कार्यालय में घुसा अजगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कवर्धा नगर के बिजली विभाग में गुरूवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब दफ्तर में एक अजगर घुस आया। बताया जाता है कि कार्यालय में खौफनाक अजगर कार्यालय के कर्मचारी की नजर पड़ते ही हड़कंप मच गया और



इसकी जानकारी तत्काल वन विभाग को दी। सूचना पाकर वन विभाग द्वारा एक स्नेक केचर को तत्काल बिजली विभाग भेजा गया। स्नेक केचर ने बड़े ही सुरक्षित ढंग से अजगर को पकड़कर उसे जंगल में छोड़ दिया। जिसके बाद बिजली दफ्तर के कर्मचारियों व अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ के नाम सौंपा ज्ञापन एक अप्रैल से प्रातः पाली में शाला संचालन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर को जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले के स्कूलों को आगामी एक अप्रैल से प्रातः पाली में संचालित करने की मांग किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा एक सितंबर 2018 को जारी पत्र में राज्य शासन के पूर्व के



समस्त आदेशों को अधिक्रमित करते हुए शालाओं के संचालन के संबंध में आगामी आदेश पर्यन्त के लिए स्थाई निर्देश जारी किया गया है, जिसके बिंदु क्रमांक तीन में माह अप्रैल में समस्त शालाओं के लिए समय सीमा प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। सहायक संचालक ने प्रतिनिधियों को आश्वश्त किया कि एक अप्रैल से प्रातः पाली में शाला संचालन के संबंध में उच्चाधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र ही आवश्यक निर्देश प्रसारित किया जाएगा। जिले के कई शिक्षकों को उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अनुमति पत्र अब तक जारी नहीं किए जाने के संबंध में ध्यानाकृष्ट किया गया. इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, वंदना तागड़े, राजकिरण चन्द्रवंशी, राजेन्द्र निर्मलकर, नरेन्द्र चंद्रोल, जनक साहू, अभिषेक जायसवाल, सीमा साहू आदि उपस्थित थे।

# महिने भर की गुहार के बाद भी नहीं बना हैंडपंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोदवागोड़ान

बताया जाता है कि ग्राम कोदवा गोडान के साप्ताहिक बाजार स्थित हैंडपंप लगभग महीने भर से खराब है जिसके चलते मुहल्ले वासियों के अलावा बाजार में आने वालों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी को लेकर भटकना पड़ रहा है।



यहां के ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप खराब होने की जानकारी स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच से लेकर पीएचई विभाग के इस डीओ सहित पंडरिया एसडीएम को देते हुए सुधारने की मांग की गई है किंतु अभी तक कोई झांकने तक नहीं आया है। मुहल्लेवासियों में इस बात से असन्तोष देखा जा रहा है।

### वृद्धाश्रम में बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने दिया संदेश

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज कलेक्टर जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत वृद्धाआश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को तिलक लागकर एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, उपसंचालक पंचायत राज तिवारी सहित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसके साथ आसपास के सभी नागरिकों को इसके लिए जागरूक करना चाहिए। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं है, अपितु एक जिम्मेदार नागरिक होने के साथ मतदान करना हमारा मूल कर्तव्य भी है। कलेक्टर श्री महोबे ने वरिष्ठ नागरिकों को बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लिए दूसरे चरण 26 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। उन्होंने सभी मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपना मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करना चाहिए। वृद्धाआश्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने मतदान का संदेश देते हुए कहा कि लोकतंत्र में भागीदारी निभाते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। संविधान द्वारा हमे अधिकार दिया गया है और इस अधिकार का उपयोग करते हुए स्वत्रंत, निष्पक्ष रूप से अपने मुखिया का चयन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के युवाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। युवा देश का भविष्य है।



# मॉडिफाई बुलेट साइलेंसर वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने की चालानी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कबीरधाम जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेंद्र बघेल के निर्देश पर यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो के मार्गदर्शन में नगर के सिग्नल चौक में विशेष अभियान चलाकार मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर साइलेंसर द्वारा पटाखे फोड़ने एवं तेज रफ्तार से बुलेट वाहन चलाने वाले चालकों पर चलानी कार्यवाही की गई और मोर्डिफाइड साइलेंसर को निकलवाकर कंपनी द्वारा लगाए गए साइलेंसर का ही उपयोग करने समझाईश दी गई। साथ ही पांच हजार की चालानी कार्यवही की गई। यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने बताया की यातायात पुलिस ने बुलेट वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वे कंपनी द्वारा प्रदत्त वैध साइलेंसर से किसी प्रकार छेड़ख़ानी ना करें, मॉडिफाई साइलेंसर लगाना मोटर यान अधिनियम का उल्लंघन है, जिसके तहत जुर्माने का प्रावधान है। वाहन में मॉडिफाई साइलेंसर लगे पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई के साथ वाहन जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी।



**खबर संक्षेप**



## जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बीकेबाहरा में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगाकर जागरुकता कार्यक्रम किया गया। जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण और मिशन लाइफ के उद्देश्यों को लोगों को बताया गया। मिशन लाइफ में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायित्व रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बीकेबाहरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाला के शिक्षकगण उपस्थित रहे। लोकेश ठाकुर सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।

## राशन कार्डधारियों को मिलेगा अप्रैल एवं मई का एकमुश्त राशन

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राशन कार्डधारकों को दो माह अप्रैल और मई 2024 के लिए चावल एकमुश्त वितरण किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। यह वितरण माह अप्रैल 2024 में किया जाएगा। जिले के सभी राशन कार्डधारकों को माह अप्रैल एवं मई के लिए पात्रता अनुसार चावल का आबंटन एकमुश्त उचित मूल्य के दुकानों से किया जाएगा। इसके लिए चावल एवं अन्य राशन सामग्री, आवश्यक वाहनों की व्यवस्था एवं भंडारण हेतु संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय क्षेत्र में सुरक्षित भंडारण स्थल चिन्हांकन व राशन सामग्री का सुरक्षित भंडारण करने कहा है। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देश में दो माह की चावल वितरण की सूचना सभी राशन कार्ड धारियों को ग्राम पंचायत/वार्ड में मुनादी कराकर, मीडिया के माध्यम से, अन्य प्रचार-प्रसार माध्यम से करने कहा है। चावल को छोड़कर शेष राशन सामग्री भी शक्कर, नमक, केरोसिन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना माहवार पात्रतानुसार वितरण होगा। जिले की प्रत्येक उचित मूल्य के दुकानों में चावल उत्सव के आयोजन की तिथि के दिन राशन कार्डधारकों को दो माह का चावल वितरण करने के निर्देश दिए है।

**कार्यक्रम : मैगजीन का विमोचन और सुंदरपाठ का भी आयोजन**

# 10 महिलाओं को मिला उत्कृष्ट सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

महिला दिवस समारोह व मैगजीन विमोचन का कार्यक्रम सुंदरकांड रामायण के पाठ के साथ पंचायत भवन जोगनीपाली में ज्वाला महिला समूह एवं माता सावित्रीबाई फुले समूह के तत्वावधान में हुआ। मुख्य अतिथि चातुरी नंद विधायक सरायपाली, अध्यक्षता अनिता चौधरी समाजसेविका, विशिष्ट अतिथि कुमारी भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत सरायपाली, उर्मिला खाखा जनपद सदस्य, तारेश्वरी नायक संयोजिका अखिल भारतीय अघरिया अगरिया समाज, मंजू लता पटेल प्राचार्य केपी आई स्कूल सरायपाली रहे। महिला दिवस समारोह 2024 के इस आयोजन में विभिन्न महिलाओं ने पारंपरिक प्रतियोगिताओं जैसे झूठी, रंगोली, गीली मिट्टी का खिलौना बर्तन बनाना, चौक पुराना, कलश सजाओ, सुआ नाच आदि में भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रतियोगिता के साथ-



साथ मैगजीन का विमोचन हुआ तथा 10 विशिष्ट महिलाओं को उत्कृष्ट महिला सम्मान2024 से सम्मानित किया गया। रामायण का पाठ शकुंतला चौधरी, गौरी चौधरी, सुनीता साहू, कुंती साहू द्वारा किया गया। मंच संचालन शुभ्रा डडसेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गंगा बाई सिदार, गौरी बग्गा, सुरेंद्री नायक, सुबल्या साहू, संतोषी चौधरी, निर्मला एवं अन्य महिलाओं का विशेष योगदान रहा। उत्कृष्ट महिला सम्मान 2024 के अंतर्गत शुभ्रा डडसेना को साहित्यकार के रूप में, संजिदा खान को स्वास्थ्य के क्षेत्र में, जमुना पटेल को महिला सुरक्षा, अंजलि अग्रवाल को धार्मिक कार्य के लिए, गायत्री मिश्रा को शौर्य के लिए, चंद्रलेखा खाखा को सक्रियता के लिए गंगा पटेल को महिला कृषि विस्तार, सीता सतपथी को महिला उत्थान, सरिता साहू को भारतीय संस्कार के विस्तार के लिए सम्मानित किया गया। इस साल महिला मैगजीन 2024 का विषय महिला उत्पीड़न एवं समाधान था। यह मैगजीन उन घरेलू महिलाओं के लिए लाभप्रद है जो किसी भी प्रकार की उत्पीड़न से पीड़ित है। प्रतिवर्ष महिला दिवस समारोह का आयोजन इस आयोजन टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को आगे लाने के उद्देश्य से रखा जाता है, जिसका लाभ महिलाओं को मिल भी रहा है।

प्रतियोगिताओं में रंगोली में कुसुम चौधरी प्रथम, हस्तिना चौधरी द्वितीय रही। गिली मिट्टी के खिलौने में मीरा पटेल, ज्योत्सना चौधरी, चैन कुमारी, चौक पुराना में लता चौधरी, सुबल्या साहू, विभा पटेल, ज्योति निषाद, गंगा स्वाई, सुशीला सागर, सुवा नाच में कुटेला टीम ने इनाम जीता। विधायक चातुरी नंद ने अपने उद्बोधन में नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए महिलाओं को मिलने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बोध कराया। अध्यक्ष अनिता चौधरी ने आभार प्रदर्शन किया।

## मोहगांव में होली मिलन समारोह हुआ



**बसना।** शासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल मोहगांव में शनिवार को होली मिलन समारोह हुआ। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति, पंचायत प्रतिनिधियों एवं पालकों को आमंत्रित किया गया था। सर्वप्रथम प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। हाईस्कूल के प्राचार्य जगदीश कुमार ने होली के बारे में बताया और होली के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित उपसरपंच विजय बारीक ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाई चारे के साथ सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाया जाना चाहिए। सदस्य रोहित प्रधान ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार का आयोजन सराहनीय है। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी बच्चों व अतिथियों के लिए स्वल्पाहार एवं मिष्ठान्न की व्यवस्था की गई थी। तत्पश्चात सभी बच्चों के साथ शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति सदस्यों व उपस्थित पालकों ने मिलकर रंगों का पर्व होली का त्यौहार मनाया और एक-दूसरे को गुलाल लगाया। बच्चों ने जमकर रंग-गुलाल लगाए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक अजय कश्यप और विद्यालय की ओर से गुलाल की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य विजय बारीक, रोहित प्रधान, जितेंद्र पटेल, दीपांजलि यादव, सुमित्रा सांड, शकुंतला बरिहा, प्रमोदिनी यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक जे कुमार, बीएस भोई, आरएल प्रधान. एके बरिहा, एसआर बंजारे, भोजराज प्रधान, गौरीशंकर पंडा, कविता बढ़ाई ने मिलकर बच्चों के साथ उत्साह से होली का त्यौहार मनाया।

# कांग्रेस चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

महासमुंद लोकसभा के कांग्रेस

- पार्टी प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने का दिया आश्वासन

प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के खल्लारी विधानसभा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने पूजा अर्चना कर की।

विधायक द्वारिकाधीश यादव, ब्लाक अध्यक्षगण भूपेंद्र ठाकुर, संतोष पटेल, ताम्रध्वज साहू के सुपुत्र हर्ष साहू, वरिष्ठजन गणेश शर्मा, मनोहर ठाकुर, विजय बंजारे, सेवाराम साहू, मोहन कुलदीप, फिरोज मेमन, गिरीश पटेल, लखबीर छाबड़ा, बसंता ठाकुर, फुलसिंग ध्रुव, रामेश्वर चक्रधारी, उत्तम राणा, विष्णु महानंद, देवनाथ साहू, नवनीत सलूजा, शाहजान



पाशा, राजेश सोनी, ताम्रध्वज बघेल आदि ने संबोधित कर कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को विजय दिलाने कड़ी मेहनत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन रवि निषाद एवम आभार प्रकट कर समापन कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में दीपक अग्रवाल, शमीम खान, सेतराम बघेल, देवेश साहू, नुकेश महंत, चंदूलाल साहू, खोमेश साहू, उत्तम शर्मा, रमेश साहू, सविता गोस्वामी, सेवती ध्रुव, सविता निषाद, कुंती महानंद, कमल साहू, हेमसिंग नायक, तुलसी चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, अंजोर ठाकुर, मोहन बांधे, रामकुमार ठाकुर, मनता यादव, प्रकाश साहू, उमेश साहू, बड़ा खान, समीर खान, गोलू जैन, कांतिप्रसाद तिवारी, सुनील वियोहर, लोकेश दीवान, टेकचंद यादव, जीवन नायक, दिगेश्वर मरकाम आदि कांग्रेसजन काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत जोगनीपाली में मतदाता जागरुकता अभियान व शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार डॉ. नीता बाजपेई राज्य संपर्क अधिकारी, कलेक्टर प्रभात मलिक एवं स्वीप जिला संयोजक डॉ. मालती तिवारी के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

सर्वप्रथम महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को प्राध्यापक नोडल अधिकारी यूके बरिहा एवं स्वीप नोडल अधिकारी पीतांबर बाघ के नेतृत्व में प्राचार्य लोकसभा निर्वाचन 2024 में अनिवार्य रूप से मतदान करने के



लिए शपथ ग्रहण कराया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कैंपस सेमेस्टर सिंधु जगत द्वारा भी ग्राम जोगनीपाली में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए शपथ ग्रहण कराया गया। इसी कड़ी में साइंस कॉलेज के पुराने भवन में विकासखंड स्तरीय शिक्षक एवं पालकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राध्यापक नोडल अधिकारी यूके बरिहा द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सभी शिक्षकों एवं मतदाताओं को अपने गांव एवं परिवार के सदस्यों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। लोकसभा निर्वाचन 2019 में मतदान का प्रतिशत कम होने से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कार्य योजना के तहत मतदाताओं मतदान प्रक्रिया में जोड़ने के लिए कार्य किया जा रहा है। 85% से अधिक मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे लोकतंत्र की आधारशिला और मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा हो सके। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल, मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र नायक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक खीरसागर पटेल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित थे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन स्वीप नोडल अधिकारी पीतांबर बाघ ने किया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय बृजराज अंग्रेजी माध्यम उच्च प्राथमिक शाला में विगत दिनों पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हेमेंद्र आचार्य प्राचार्य सेजस हिंदी स्कूल के मुख्य आतिथ्य एवं उपप्रचार्य चमन चंद्राकर सेजस हिंदी स्कूल, सुरेंद्र चंद्राकर संकुल समन्वयक के विशेष आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के पश्चात अतिथि स्वागत से किया गया। शाला में होने वाली विभिन्न गतिविधियां जैसे निबंध लेखन, विज्ञान, गणित, अंग्रेजी विषय पर आधारित मॉडल आदि प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वर्ष भर छात्रों का शैक्षिक, समाजिक सहभागिता, सहयोग, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता के प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न वर्गों में अवार्ड भी दिया गया। जिससे छात्रों को और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन मिले तथा अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बने। शाला का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार स्टुडेट ऑफ द ईयर अवार्ड कक्षा 7 के छात्रा तृप्ति साहू को, एकेडमिक स्टार के लिए चैतन्य ध्रुव कक्षा 8वीं एवं पल्लवी साहू कक्षा 6वीं, सोसल बटरफ्लाई अवार्ड आस्थारानी साहू कक्षा 8 वीं को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नरेश साहू तथा आभार प्रदर्शन शिक्षिका सोनल साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शाला के शिक्षिका जमुना साहू, स्वाति चंद्राकर उपस्थित रहीं।







## बिंद्रावन में विदाई समारोह व न्योता भोज

**नर्रा।** विकासखंड बागबाहरा के संकुल केंद्र नर्रा के अतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत वहां के छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पूजन अर्चन कर किया गया। पश्चात सभी छात्रों ने क्रमशः एक-एक कर कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्रों द्वारा आरती उतार कर गुलाल से टीका लगाकर विदाई दी गई। साथ ही न्योता भोज कराया गया। वहीं छात्रों द्वारा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में शिक्षक गोविंद चक्रधारी, वैशाली ब्यौहार, राम प्रसाद साहू, धनेश्वरी बांसकर, अशोक कुमार बरिहा, डगौरी यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दशोदा ठाकुर, राधा सोनवानी, पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष केशरू पांडे उपस्थित रहे। संचालन कक्षा सातवीं के पूनम पांडे एवं रोशनी पांडे ने किया।

# कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं के सम्मेलन में साझा किए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं का महासमुंद लोकसभा के सरायपाली में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस से भाजपा में आए नए नेताओं ने अपने-अपने विचार साझा किए।

भाजपा में शामिल नेताओं ने कहा कि नरेंद्र मोदी की रीति-नीति से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। डॉ. सोहन पटेल ने कहा कि कांग्रेस में रहकर पहले काम करते थे। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी के योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। जनपद सदस्य राधा नायक ने कहा कि कांग्रेस से भाजपा में आने की वजह प्रधानमंत्री मोदी हैं। उनके कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए है। जनपद सदस्य प्रतिनिधि हेमसागर नायक ने कहा कि कांग्रेस में थे तब भी आरोप लगता था की हम भाजपा के हैं। कांग्रेस में घुटन महसूस होने लगी। कांग्रेस में 15 साल रहा। लेकिन, बड़े नेता लोग अपने स्वार्थ के लिए छोटे कार्यकर्ताओं का इस्तेमाल करते है।



पूर्व विधायक डॉ. हरिदास भारद्वाज ने कहा कि भाजपा से 2 बार और कांग्रेस से 2 बार विधायक रहा। जब मैं सराईपाली में कांग्रेस से विधायक था तब बिना भेदभाव किए सबके लिए काम करता था, लेकिन मुझे फूल छाप कांग्रेसी कहते थे। बता दें कि बीते दिनों लगभग 400 से 500 लोगों ने भाजपा ज्वाइन किया था, जिसमें जनपद सदस्य, सरपंच, सोसायटी अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा प्रदेश मंत्री कामता पटेल और जिला सह कोषाध्यक्ष धनेश नायक के नेतृत्व में कांग्रेस समर्थित नेता भाजपा में शामिल हुए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद जिला प्रभारी संगठन जगन्नाथ पाणिग्रही मौजूद रहे। साथ ही पूर्व विधायक हरिद्वास भारद्वाज, भाजपा प्रदेश मंत्री कामता पटेल, जिला सह कोषाध्यक्ष धनेश नायक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा, बसना जनपद अध्यक्ष रुक्मणी सुभाष पटेल, सरायपाली नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल, भंवरपुर मंडल अध्यक्ष विद्या चौधरी, पार्षद गुंजन अग्रवाल, अरुण नायक उपस्थित थे।

**शिक्षण सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित**

# संस्कार पब्लिक स्कूल में हुआ प्रतिभा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संस्कार पब्लिक स्कूल में शिक्षण सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया एवं सत्र में विभिन्न विधाओं में उपलब्धि प्राप्त करने वाले मेघावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, मोमेंटो व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शाला परिसर में आयोजित इस आयोजन में अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। प्री-प्रायमरी के बच्चों को दीक्षांत परिधान में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्ले ग्रुप मोनिका जैन, ऐश्वर्या दुबे, अनिता शर्मा, नर्सरी ए से-रेयांश इदवानी, आरती राना, नध्या साहू, रियांशी जैन, चंदन साहू, रिदा फातिमा नर्सरी बी से-शिखा दीवान, डिंपल चंद्राकर, नव्या वांशी,



एलकेजी 1 से-मान्या जैन, जसगुन कौर, दिव्यांश साहू, दिव्या चंद्राकर, एलकेजी बी से-मानस सिंग मक्कड़, नैतिक हरबंश, रियांशी दीवान, अपेक्षा, यूकेजी 1से-आरव पटेल, मो. अतीब कुरैशी, युग जैन, इंशान साव, यूकेजी बी से-सौम्या पटेल, गौरव चंद्राकर, मौली मोहंती, ऋग्वेद नासरे, साक्षी साहू, क्लास 1 से-प्रयुक्ती बोथरा, आर्यमा शर्मा, मेहर कौर मक्कड़, जैस पटेल क्लास 2 से-पूर्वी जैन, समृद्धि दुबे, मुस्कान साहू, क्लास 3 से-यति रोकड़, डौरिश यादव, हिमांशी साहू, क्लास 4 से-मितेश वर्मा, सृष्टि साहू, सुकृति जैन, क्लास 5 से-आरूषा पटनायक, अनुष्का साहू, भूमिका चंद्राकर, क्लास 6 से दीक्षा वार्मा, मास्कीन सिंग खनूजा, अपेक्षा हिरवानी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, प्रबंधक मनोहर महांती, शिशु संस्कार केंद्र से प्राचार्य समीर चौधरी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, भावना गांधी एवं शिशु संस्कार केंद्र पूर्व प्राचार्या सरला सोनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष पारस चोपड़ा परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। शाला स्टाफ के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए काफी उत्साह दिखाया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन संस्कार पब्लिक स्कूल की प्राचार्या गुरुप्रीत कौर ने किया। आभार प्रदर्शन मनोहर महांती ने किया।

# श्याम दरबार में शुकराना श्याम का भजन कार्यक्रम 30 को

**बाबा श्याम का सजेगा भव्य दरबार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर में आगामी 30 मार्च को भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जाएगा।

भंजन संध्या के अवसर पर कोलकाता, रायपुर व स्थानीय सरायपाली के श्याम भजन गायक भी अपनी मीठी व सुरीली आवाजों व भजनों से श्याम का गुणगान करेंगे। सरायपाली शहर की प्रतिष्ठित फर्म सीताराम अजय अग्रवाल द्वारा आगामी 30 मार्च को शाम 7 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम शुकराना श्याम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजेगा, बाबा की पावन ज्योत भी प्रज्वलित होगी। फूलों की होली, इत्र की वर्षा, छप्पन भोग, सवामनी आदि विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

इस आयोजन को लेकर जहां व्यापक रूप से तैयारी की जा रही हैं तो वहीं इस शुकराना श्याम का कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के भी श्याम प्रेमी शामिल होंगे। अपनी तालियों से भजनों से बाबा को रिझाएंगे। आयोजक सीताराम अजय कुमार अग्रवाल द्वारा सभी श्याम प्रेमियों को इस कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने का निवेदन किया गया है।


**आम सूचना**
**भागीदारी फर्म के पुनर्गठन हेतु**

मे. कृषक केमिकल्स एंड पैकेजिंग, ख.न. 373, भोरिंग, महासमुंद (छ. ग.) में वर्तमान में (1) श्री भुनेश्वर कुमार चेलक पिता स्व. श्री कांशी राम चेलक (2) श्रीमती गंगा बाई ढीढी पति श्री संजय ढीढी (3) श्री लवेश ढीढी पिता श्री संजय ढीढी भागीदार है। जो की श्री लवेश ढीढी पिता श्री संजय ढीढी स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त हो रहे है।

उपरोक्त भागीदारी से श्री लवेश ढीढी पिता श्री संजय ढीढी भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के भाग 63 (1) के अंतर्गत भागीदारी से निर्वित हो रहे है। जिस किसी सज्जन का इस पर आपत्ति हो तो 7 दिन के अंदर उपस्थित पते पर अपनी आपत्ति दर्ज करावें। पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

– द्वारा भागीदार
कृषक केमिकल्स एंड पैकेजिंग पार्टनर
**भुनेश्वर कुमार चेलक**

## खबर संक्षेप



### टोंगोपानीकला में श्रीमद भागवत कथा शुरू

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम टोंगोपानी कला में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कथावाचक पंडित नितेश शर्मा, खिलावन प्रसाद तिवारी, परायणकर्ता पंडित सनत शर्मा, संगीतकार भारत चक्रधारी है। यह कार्यक्रम गणेशराम साहू के निवास स्थान पर आयोजित है। पहले दिन गाजे बाजे के साथ स्वागत एवं कलश यात्रा निकाली गई। जहां सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### मनीष दबास एवं रामप्रभु उदय व्यय प्रेक्षक होंगे

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए मनीष कुमार दबास (आईआरएस 2014) व रामप्रभु उदय आर (आईआरएस (सीएंडसीई) 2016) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया। दबास सरायपाली, बसना, खल्लारी एवं महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लिए तथा उदय राजिम, बिंद्रानवागढ़, कुरूद एवं धमतरी विधानसभा क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक होंगे।

### धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन 31 को

**धमतरी।** जिला धोबी समाज भखारा परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन त्रिकुटी धाम कोसमर्रा में 31 मार्च को प्रातः 10 बजे से आयोजित है। इस अवसर पर विवाह योग्य बेटा बेटी भी अपना मनपसंद जीवनसाथी चयन करने के लिए परिचय देंगे। अगर रिश्ते तय होते हैं तो दोनों पक्षों की सहमति से विवाह कराया जाएगा। कार्यक्रम के अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, विधायक अजय चंद्राकर, समाज के वरिष्ठ नेता तुलसी कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष धमतरी जिला संगठन प्रभारी कार्तिकराम निर्मलकर, संरक्षक धर्मलाल निर्मलकर होंगे।

## निधन

### भारत निर्मलकर



**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी निवासी भारत निर्मलकर (68) का बुधवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुरुवार को मुक्तिधाम किया गया। वे बल्ला एवं सालिक निर्मलकर के पिता व भोला, परमेंद्र निर्मलकर के दादा थे।

चुनाव : गांड़ा समाज नगर इकाई का हुआ निर्वाचन

# गांड़ा समाज नगर इकाई के अध्यक्ष बने थनवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज के नगर इकाई बागबाहरा के कार्यकारिणी निर्वाचन के लिए विकासखंड अध्यक्ष हीराराम नेताम द्वारा निर्वाचन नियमावली के अनुसार बैठक आहूत की गई। जिसमें निर्वाचन दल के रूप में आसाराम मोंगरे, परसराम सोनवानी, यशवंत विभार, हनुमंत नाग, हेमंत टांडे आदि परिक्षेत्र अध्यक्षों को नियुक्त किया गया।

ज्ञात हो कि इससे पूर्व छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज के नियमानुसार 19 मार्च तक मतदाता सूची का प्रकाशन, 21 एवं 22 मार्च को नामांकन फॉर्म भरने, 23 मार्च को नाम वापसी सभी प्रक्रिया पूर्ण हो चुका था। नामांकन फार्म निर्वाचन प्रभारी गजानंद टांडे के समक्ष केवल एक प्रत्याशी निवर्तमान अध्यक्ष थनवार कुलदीप ने ही भरा था। अतः बैठक में निर्वाचन दल के अधिकारियों ने थनवार कुलदीप को नगर इकाई बागबाहरा का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होना घोषित किया। वही नगर इकाई के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष के अनुशंसा पर देवकुमार टांडे को उपाध्यक्ष, पुलस टांडे को सचिव, कोषाध्यक्ष-गजानंद टांडे, सह सचिव ईश्वर सोनवानी एवं धनीराम महानंद, सलाहकार रूपलाल टांडे, संरक्षक गोकुल टांडे, कृतराम जगत, पंच हेमसिंह बघेल, भूखन महानंद, राजू महानंद, संतराम महानंद, तुलाराम जगत, नेहरू टांडे, धनीराम महानंद, बिनोद महानंद, तुलसीराम सुरमणि, आसकरण सुरमणि, समाज सेवक दौलत पांडे को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप ने अपने वक्तव्य में कहा कि नगर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी पूर्ण समर्पित होकर काम करेंगे। नगर में जो लोग नहीं जुड़ पाए हैं उन्हें भी समाज के मूल धारा में जोड़ा जाएगा। वहीं नेताम ने कहा कि हम सभी को उम्मीद है कि वर्तमान नगर कार्यकारिणी पूरी क्षमता के साथ काम करेंगे एवं नगर में जो काम अधूरा है जैसे सामाजिक भवन निर्माण आदि को पूर्ण करने में विकासखंड कार्यकारिणी का पूर्ण सहयोग करेंगे।

### वार्षिक महासम्मेलन में करेंगे प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

निर्वाचन कार्य पूर्ण होने के पश्चात ब्लॉक परिषद की बैठक हुई। जिसमें अंतर्जिला समन्वय समिति के नियमों को कड़ाई से लागू करने, ऑनलाइन पारिवारिक सर्वे में सहयोग करने, संगठन अर्थात समाज के विरुद्ध कार्य करने वाले लोगों का चिन्हांकन कर विकासखंड कार्यकारिणी को प्रेषित करने, शव यात्रा में कफन के स्थान पर सहयोग राशि देने, दशकर्म में कलेवा वितरण ना करने एवं विसराहा नेग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित हुआ। साथ ही विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वार्षिक महासम्मेलन कराने, विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत दसवीं एवं 12वीं के बच्चों को प्रोत्साहन राशि एवं अलंकरण से विभूषित करने एवं विभिन्न क्षेत्रों जैसे समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, कला, संस्कृति एवं साहित्य ,उत्कृष्ट कार्य आदि के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मान करने आदि का निर्णय लिया गया। बैठक में विकासखंड कार्यकारिणी से उपाध्यक्ष गौरी टांडे एवं राजू टांडी (सचिव नर्रा), कोषाध्यक्ष अवधेश टांडे, सदस्य टेकराम सूरजाल, मतदान दल के रूप में परिक्षेत्रों के अध्यक्षगण, गांजर सचिव कुमार बघेल, खैरट सचिव हन्नसिंह नेताम, गोपी कुलदीप, वासुदेव टांडे, किशन सोनवानी, हेमनारायण, प्रकाश, सुरेश, पन्नालाल, महेंद्र आदि उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी नगर सचिव पुलस टांडे ने दी।

# विधायक के साथ कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने खेली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान रंग गुलाल में सराबोर विधायक चातुरी नंद ने भी कार्यकर्ताओं संग फाग गीतों में झूमती रही।

होली मिलन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, भंवरपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली के शहर अध्यक्ष आरएन आदित्य, ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, जिला कांग्रेस के महामंत्री जयंत चौधरी, कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष लीलाकांत पटेल, चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुशील जैन, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव दीपांजलि बारीक, महिला कांग्रेस छुहिपाली ब्लाक अध्यक्ष पूजा तिवारी, हेमा वास विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच में मौजूद रहे।

सरायपाली के भंवरपुर रोड स्थित सिमरन पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि रंगों के पावन त्यौहार में होली का विशेष महत्व है। होली मिलन समारोह के जरिए हम एक दूसरे के खुशियों में शामिल होकर एकता का संदेश देने की कोशिश है।

कार्यक्रम में संतलाल बारीक, भरत मेश्राम, मिथलेश अग्रवाल, दीपक साहू, प्रभात पटेल, तन्मय पंडा, विक्की वैष्णव, अरमान हुसैन, शाहिना हुसैन, घसिया सिदार, भीष्म देव पटेल, अनिल पटेल, श्रवण पटेल, घनश्याम पटेल, मंदाकिनी साहू, सोनसाय बरीहा, मनेश गुप्ता, उदय लाल चौहान, लक्ष्मी नारायण चौहान, विभीषण चौहान, जयंत यादव, दुष्यंत साहू, केशव अग्रवाल समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हुए प्रखर

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम खरखरी में ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य शिव मंदिर का निर्माण किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान ग्राम की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। गाजे-बाजे एवं कीर्तन के साथ ग्रामवासी पुराने तालाब जल भरकर मंदिर प्रांगण में पहुंचे। ग्रामीणों के आमंत्रण पर संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल भी उक्त कार्यक्रम में पहुंचे एवं यात्रा में सम्मिलित हुए। समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा कीर्तन का पाठ विभिन्न ग्रामों से आए कीर्तन मंडलियों द्वारा किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में समिति के सदस्य तुषार सेन, प्रखर शर्मा, तरुण गड़तिया, अभिनय शाह एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### अघरिया महिला मंच का होली मिलन समारोह हुआ

**सरायपाली।** होली से पूर्व अघरिया महिला मंच द्वारा अघरिया हॉस्टल में होली मिलन समारोह, उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इष्टदेव कृष्ण के पूजन अर्चना कर तथा गुलाल चढ़ा कर किया गया। तत्पश्चात सभी महिलाओं द्वारा एकदूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई। पश्चात सभी महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर गेम रखा गया था। जिसमें राधा पटेल प्रथम स्थान और विमला नायक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पश्चात होली के विभिन्न गानों पर मनीषा चौधरी, राधा पटेल, दमयंती नायक और जयमिनी पटेल, विमला नायक, लक्ष्मी नायक, प्रेमलता नायक, मंजू चौधरी, माधुरी पटेल, जनक कुमारी पटेल द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय उपाध्यक्ष गैसमोती पटेल कार्यक्रम की मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही तथा होली मिलन समारोह में शामिल समस्त महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रंगों के त्यौहार होली में होली मिलन समारोह का आयोजन करना तथा सामाजिक महिलाओं का एक साथ इकट्ठे होकर होली मनाना यह सामाजिक एकता का प्रतीक है। अतिथि के रूप में उपस्थित सुनीता त्रिलोचन पटेल ने भी सभी महिलाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर कमला पटेल, विमला पटेल, सरोज चौधरी, सुनीता पटेल, देवकुमारी पटेल, सुषमा पटेल, अनुपमा पटेल, लोचन पटेल, राधा नायक, रेखा पटेल उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम में अघरिया हॉस्टल अधीक्षिका दीपिका पटेल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सुलोचना नायक ने किया।

### नाचा गम्मत के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**नर्रा।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत रजीत चक्रधारी कृत कका भतीजा सराईपाली (कोमाखान) के कलाकारों द्वारा गांव गांव में मतदाता जागरुकता सहित शत प्रतिशत मतदान के लिए गांव-गांव में लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक एवं जोकर गम्मत के माध्यम से लोगों को शत प्रतिशत मतदान एवं अपने मत का सही उपयोग करने प्रेरित करने का कार्य कर रही है। कका भतीजा नाचा गम्मत के संस्थापक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजित चक्रधारी ने बताया कि उनके संस्था द्वारा अनेक प्रकार की जन-जागरुकता का कार्यक्रम को अपने नाचा गम्मत मंच के माध्यम से प्रस्तुतिकरण करते हैं। जिसमें प्रमुख रूप नशा उन्मूलन, अंधविश्वास, दहेज कुप्रथा, सड़क सुरक्षा, विधवा विवाह, बाल विवाह, शासन, प्रशासन की बहुत सारी महत्वकांक्षी योजना को मंच के माध्यम से लोगों के बीच में प्रस्तुतिकरण कर लोगों को प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं।



### लोकतंत्र को बचाने जुट जाएंः अंकित



**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष का जीवित रहना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि, विपक्ष लोकतंत्र में सार्वजनिक हितों व जनहितों प्रहरी के रूप में काम करता है और सरकार की उन नीतियों और कार्यक्रमों की आलोचना करता है जो जनता की भलाई के अनुरूप नहीं हैं। विपक्ष सरकार को निरंकुश प्रवृत्तियों के प्रति सचेत करता है, यह सुनिश्चित करता है कि सरकार संविधान के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करें। अंकित ने कहा है कि कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए विपक्ष को निशाना बनाने में लगी है और अपनी विपक्षी पार्टियों के राजनेताओं के खिलाफ लगातार केंद्रीय एजेंसियों से कार्रवाई करवा लोकतंत्र को खत्म कर देना चाहती है। इसकी जगह केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में बढ़ रहे अपराधों की रोकथाम करना चाहिए। एनसीआरबी के अनुसार अपराध के आंकड़े देश की राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे है और 2022 में लगभग 3 लाख मामले थानों में दर्ज किए गए।

# विधायक के हाथों सम्मानित हुई उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



ग्राम जोगनीपाली में आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सरायपाली के अध्यक्ष कुमारी भास्कर, जनपद सदस्य उर्मिला खाखा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष तारेश्वरी नायक, मंजू पटेल के विशिष्ट आतिथ्य और माता सावित्री बाई फुले समूह के अध्यक्ष अनिता चौधरी की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक चातुरी नंद और अतिथियों ने भगवान शिव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने स्वागत गीत और सुआ नृत्य से सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिलाओं को जब जब मौका मिला है तब तब उन्होंने सफलता का परचम लहरा कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कोमल है कमजोर नहीं तू गीत गुनगुना कर महिलाओं का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सुभा डडसेना, गंगा पटेल, संजीदा खान, चंद्रलेखा खाखा, मिथिला सिदार, जमुना पटेल, गायत्री मिश्रा, अंजलि अग्रवाल, सीता सतपथी और सरिता साहू को विधायक नंद और उपस्थित अतिथियों ने मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव और आसपास की महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शुभ्रा डडसेना और आभार प्रदर्शन अनिता चौधरी ने किया।

कोर कमेटी और प्रबंधन समिति की हुई बैठक

# सुशासन और संपूर्ण विकसित भारत के लिए जरूरी है मोदी की सरकारः जामवाल






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा कार्यालय में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और महामंत्री संगठन पवन साय की उपस्थिति में महासमुंद और खल्लारी विधानसभा कोर कमेटी, प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आगामी लोकसभा चुनावों के संदर्भ में हुई। इस बैठक के पूर्व मार्गदर्शन के लिए उपस्थित क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, महामंत्री संगठन पवन साय की उपस्थिति में सांसद चुन्नीलाल साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, लोकसभा सहप्रभारी पंडरिया विधायक भावना बोहरा, सम्भाग सह प्रभारी जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, सह संयोजक संतोष उपाध्याय, जिला सहप्रभारी संध्या परगनिहा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा मौजूद रहे।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के विकास कार्यों और जनहित में समर्पित योजनाओं को लेकर हमें बूथ स्तर पर जाना होगा। संगठन मंत्री जामवाल ने कार्यकर्ताओं को केंद्र की भाजपा सरकार के योजनाओं और महत्वपूर्ण उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी।

महामंत्री संगठन पवन साय ने भी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से दिए गए सारगर्भित मार्गदर्शन में कहा कि जनसंघ के जमाने से महज 2 सीट से शुरू हुआ हमारा ये सफर आज इस जगह पर उपलब्धि के रूप में है तो इसका सारा श्रेय आप जैसे समर्पित, जुझारू और परिश्रमी कार्यकर्ताओं को जाता है।

बैठक में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, परेश बागबाहरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, महासमुंद विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, सह संयोजक संदीप दीवान एवं खल्लारी विधानसभा के कोर कमेटी प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य महासमुंद विधानसभा के मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, श्याम साकरकर, पप्पू पटेल, धरम पटेल, खल्लारी विधानसभा मंडल अध्यक्षगण प्रेम साहू, प्रीतम साहू, धरम दीवान, सागर चंद्राकर, पीलेश्वर पटेल आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने किया।

### जागरुकता रैली एवं स्वीप गुड मॉर्निंग महासमुंद 30 को

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदान जागरुकता रैली एवं स्वीप गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन शनिवार 30 मार्च 2024 को प्रातः 7:30 बजे से 8:30 बजे तक किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति एस आलोक द्वारा संबंधित विभाग के प्रमुखों को मतदान जागरुकता रैली एवं स्वीप गुड मॉर्निंग के गतिविधियों के संपादन के लिए निर्देशित करते हुए जिम्मेदारी सौंपा गया है।

# पटेवा में रुपकुमारी का युवाओं ने किया स्वागत

**पटेवा।** पटेवा पहुंचने पर भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का युवाओं ने स्वागत किया। श्रीमती चौधरी ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर लोगों के सुखी रहने की प्रार्थना की। इस दौरान भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर विक्की शर्मा और मनोहर साहू के नेतृत्व में गजेंद्र, ईशु, तेजेश्वर, वासु, पोखराज, जितेंद्र, रमा, यशवंत, पप्पू,भोज, टीकाराम पटेल सरपंच तेंदुवाही, तीरथराम दीवान, गब्बर नेताम, मो.नबी व 25 लोगों ने भाजपा प्रवेश भी किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, मोती साहू, राकेश चंद्राकर, गणेश नायक, ललिता अग्रवाल, डॉ विमल चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, डॉ सोमनाथ सिन्हा, सुनील पटेल, विकास अग्रवाल, धीरेंद्र गिरी, बूथ अध्यक्ष राजू शुक्ला, महामंत्री चंद्रहास चंद्राकर, उपाध्यक्ष राकेश साहू, संपत पटेल, रूपलाल पटेल, धरम साहू, रूखमणि साहू, सरस्वती साहू, लाला राम साहू, जितेंद्र साहू, पवन यादव, रेखराज साहू, मोतीलाल ध्रुव, शोभू पांडे, लोकनाथ सेन, रामेश्वर गब्बर साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, लखन साहू सरपंच भावा, शिव साहू, नरेंद्र सिन्हा, नारायण साहू, जोहन निषाद, देवलाल साहू, भोजराम साहू के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



